पत्रांक–9 / विविध–14–05 / 2020,सा0प्र0 ...................... /

# बिहार सरकार
## सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

शिव महादेव प्रसाद,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव।
विभागाध्यक्ष, सभी आयोग / प्राधिकरण,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक............सितम्बर, 2020

विषयः– बिहार सचिवालय लिपिकीय संवर्ग के लिपिकों के पदस्थापन / प्रतिनियुक्ति के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विभिन्न विभागों / कार्यालयों से उच्चवर्गीय लिपिक / निम्नवर्गीय लिपिक के पदस्थापन के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र प्राप्त हो रहे हैं।

इस संबंध में अवगत कराना है कि बिहार सचिवालय लिपिकीय सेवा नियमावली के अनुसार सचिवालय के उच्चवर्गीय / निम्नवर्गीय लिपिकों का सेवा संवर्ग विभागवार है, अर्थात् सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना इस सेवा संवर्ग के कर्मियों का नियंत्री विभाग नहीं है। बिहार सचिवालय लिपिकीय सेवा के निम्नवर्गीय एवं उच्चवर्गीय लिपिकों के नियुक्ति प्राधिकार संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष होते हैं। ऐसी स्थिति में बिहार सचिवालय लिपिकीय का स्थानांतरण / पदस्थापन / प्रतिनियुक्ति आदि नियमानुसार संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा ही किये जाने का प्रावधान है।

उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में अनुरोध है कि अपने विभागों / संलग्न कार्यालयों में पदस्थापित उच्चवर्गीय लिपिकों / निम्नवर्गीय लिपिकों की प्रतिनियुक्ति / पदस्थापन हेतु अनुरोध संबंधित विभाग से करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन,
ह0 / –

**(शिव महादेव प्रसाद)**
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–9 / विविध–14–05 / 2020,सा0प्र0 9184 दिनांक– 5-10-2020

प्रतिलिपिः– आई0 टी0 प्रबंधक, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सभी विभागों / आयोगों / प्राधिकरण को ई–मेल द्वारा भेजने की कार्रवाई करने हेतु एवं सामान्य प्रशासन विभाग के विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

01.10.2020
सरकार के अवर सचिव।